
# केंद्रीय मंत्रिमंडल में बढ़ सकता है मप्र का कुनबा

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 26 जून. एक तरफ मप्र मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें चल रही हैं, वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी फेरबदल की संभावना बन रही है. ऐसे में एक बार फिर केंद्रीय मंत्रिमंडल को लेकर मप्र की उम्मीदें परवान चढ़ने लगी है.**

मिले संकेतों के मुताबिक इस बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में मप्र से कम से कम दो सांसदों को शामिल किया जा सकता है. वहीं एक राज्यमंत्री को हटाए जाने की भी अटकलें हैं. इससे केंद्रीय मंत्रिमंडल में मप्र का कुनबा बढ़ सकता है. हाल ही में मप्र के कोटे से शामिल एक राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा हो चुका है. जॉर्ज कुरियन को पिछली बार मप्र से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया गया था. लेकिन इस बार राज्यसभा के लिए उम्मीदवार नहीं बनाया गया. उनका राज्यसभा का कार्यकाल इसी माह समाप्त भी हो गया था. उन्हें दो माह पहले केरल में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने उन्हें टिकट दिया था,



वीडी शर्मा



हिमाद्री सिंह



संध्या राय

लेकिन वे चुनाव नहीं जीत सके. उसके बाद उनका राजनीतिक ग्रॉफ नीचे आ गया था. राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था. इससे मप्र के कोटे से एक सीट खाली हो गई है. इसकी भरपाई मप्र के ही किसी सांसद से किए जाने की संभावना जताई जा रही है.

दुर्गादास उइके या सावित्री ठाकुर में किसी एक को हटाने की अटकलें, कुलस्ते को मिल सकता है मौका, एक दूसरे दावेदार के रूप में एक बार फिर फग्गन सिंह कुलस्ते को देखा जा रहा है. केंद्रीय मंत्रिमंडल में मप्र के महाकौशल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं है. यही आधार कुलस्ते के पक्ष में जा रहा है. वे जनजाति समाज से आते हैं और उन्हें पहले भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री रहने का अनुभव है. ऐसे में प्रदेश के जनजाति वर्ग को साधने के लिए उनको भी मौका मिल सकता है. कुलस्ते के पक्ष में संभावना इसलिए भी बन रही है कि परफॉर्मेंस सहित अन्य आधार पर मप्र के कोटे से शामिल दो राज्य मंत्रियों सावित्री ठाकुर और दुर्गादास उइके में से किसी एक को मंत्रिमंडल से हटाए जाने की संभावना जताई जा रही है.

यदि केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल होता है तो प्रदेश के तीन और सांसद तगड़े दावेदार बनकर उभरे हैं. इसमें सतना सांसद गणेश सिंह, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह और भिंड की सांसद संध्या राय के नाम गिनाए जा रहे हैं. प्रदेश के विंध्य क्षेत्र को साधने के लिए गणेश सिंह और हिमाद्री सिंह में से किसी एक को मौका मिल सकता है. इसी तरह भिंड सांसद श्रीमती संध्या राय को भी प्रबल दावेदार माना जा रहा है.

इस बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले नेताओं में सांसद वीडी शर्मा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है, वे दो बार के सांसद हैं और मप्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं, उनके ही नेतृत्व में भाजपा ने सदस्यता अभियान में नया रिकॉर्ड बनाया था. उनकी संगठन में काम करने की बेहतर क्षमता केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की राह में बाधा भी बन सकती है. एक संभावना उनको लेकर यह भी बन रही है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की टीम में उन्हें राष्ट्रीय महासचिव जैसे बड़े पद की जिम्मेदारी भी दी जा सकती है.

# राष्ट्रीय पक्षी की सुरक्षा के लिए वन विभाग सक्रिय

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 जून. नवभारत में 26 मई 2026 को प्रकाशित मोर वन की बदहाल स्थिति पर विशेष रिपोर्ट का व्यापक असर देखने को मिला है. रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद वन विभाग ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए राष्ट्रीय पक्षी मोर के संरक्षण और प्रजनन काल में उनकी सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम शुरू कर दिए हैं.**

रिपोर्ट के बाद वन विहार के फील्ड डायरेक्टर विजय कुमार स्वयं वन अधिकारियों की टीम के साथ मोर वन पहुंचे और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने जुलाई और अगस्त के महत्वपूर्ण प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए मोरों, उनके घोंसलों और नवजात चूजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए

## नवभारत रिपोर्ट इम्पैक्ट



पर्यावरणीय संकट ▶ मोरों का बसेरा भी संकट में, जंगलों, वन्यजीवों और शहरी जैव विविधता पर भी भीषण गर्मी का गंभीर प्रभाव

भीषण गर्मी और उपेक्षा से जूझ रहा मोर वन



अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए. नवभारत ने अपनी रिपोर्ट में उजागर किया था कि आवारा कुत्तों के कारण मोरों के घोंसले नष्ट हो रहे हैं तथा अंडों और नवजात चूजों पर लगातार खतरा बना हुआ है. इस गंभीर समस्या को देखते हुए वन विभाग ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं.

उल्लेखनीय है कि आकाश गंगा कॉलोनी के रहवासियों ने भी लंबे समय से चिंता जताई थी कि पिछले कई वर्षों से मोर वन में मोरनियों को चूजों के साथ नहीं देखा गया है. ऐसे में वन विभाग की यह पहल न केवल राष्ट्रीय पक्षी के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, बल्कि मोर वन के प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को पुनर्स्थापित करने की दिशा में भी एक सकारात्मक प्रयास है.



विजय कुमार ने बताया कि मोर वन के मध्य में एक अस्थायी निगरानी चौकी स्थापित की गई है, जहां से वन अमला चौबीसों घंटे मोरों के घोंसलों पर नजर रखेगा. रात के समय दो कर्मचारी विशेष रूप से तैनात रहेंगे, जबकि दिन में तीन वनकर्मी लगातार गश्त कर घोंसलों और चूजों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान मोर वन में आम लोगों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, ताकि प्रजनन काल में पक्षियों को किसी प्रकार का व्यवधान न हो. उन्होंने कहा कि जैसे ही राष्ट्रीय पक्षी की स्थिति की जानकारी विभाग को मिली, इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल संरक्षण संबंधी उपाय लागू किए गए. फील्ड डायरेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि इस वर्ष मोर वन में व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे हरित क्षेत्र बढ़ेगा और मोरों के लिए प्राकृतिक आवास और अधिक अनुकूल बनाया जा सकेगा.

# सशक्त उद्यमी, समृद्ध मप्र समिट आज

## रवींद्र भवन में होगा समिट, दो हजार प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10वां अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2026 पर रवींद्र भवन में शनिवार, 27 जून को होने वाले सशक्त उद्यमी समृद्ध मध्यप्रदेश समिट में शामिल होंगे.**

समृद्ध भारत का दिल-विकास का दिल का संदेश देने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमएसएमई इकाइयों को 225 करोड़ 19 लाख और स्टार्ट-अप को लगभग 39 लाख की राशि अंतरित करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में महत्वूर्ण एमओयू के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों का शुभारंभ और भूमि-पूजन भी होगा. समिट में 2000 से अधिक प्रतिभागियों, जिनमें एमएसएमई, उद्यमी, स्टार्ट-अप, वित्तीय संस्थान, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एवं महिला स्व-सहायता समूह शामिल होंगे. समिट में विगत ढाई वर्षों की समस्त संबद्ध विभागीय उपलब्धियों तथा आगामी ढाई वर्षों की कार्य योजना प्रदर्शित होगी. समिट में तीन विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे.

# पॉक्सो प्रकरण का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना.** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम के एक प्रकरण में लगभग एक माह से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया. कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 221/26 में वांछित आरोपी मिन्टू कुशवाह (25), निवासी सब्जी मंडी, मुरैना को दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-10 से गिरफ्तार किया.



# संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेगी कांग्रेस

- रीवा और उज्जैन संभाग के प्रभारियों की कार्यशाला
- संगठन विस्तार और जनसंपर्क पर जोर

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को भोपाल स्थित इंदिरा भवन में रीवा एवं उज्जैन संभाग के विधानसभा प्रभारियों की कार्यशाला आयोजित कर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर मंथन किया.**

आगामी राजनीतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कार्यशाला में संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियानों पर विशेष जोर दिया गया. कार्यशाला में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, संगठन उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सह सचिव रणविजय लोचव एवं गौरव रघुवंशी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### जमीनी नेटवर्क तैयार करने की आवश्यकता

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार, विधानसभा प्रभारियों के बीच बेहतर समन्वय, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई. वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को अधिक सक्रिय, प्रभावी और जनआधारित बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा दोनों संभागों में मजबूत जमीनी नेटवर्क तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया.

# 20 लाख के सोने की चोरी के मामले में 3 गिरफ्तार

**बड़वानी, 26 जून. जिले की पुलिस ने दिल्ली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए दिल्ली में एक मकान से लगभग 20 लाख रुपये के सोने के आभूषण चोरी करने के मामले में तीन अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वरला थाना क्षेत्र के सुरेंद्र सिंह करनाला, पलसूद निवासी अकाल सिंह टकराना तथा नागलवाड़ी थाना क्षेत्र के ओझर निवासी प्रकाश सिंह पटवा के रूप में हुई है. तीनों आरोपी सिकलीगर समुदाय से संबंधित हैं. उन्होंने बताया कि 18 जून को दिल्ली के लक्ष्मी नगर थाना क्षेत्र में एक मकान से बड़ी मात्रा में सोने के आभूषण चोरी हुए थे. तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दिल्ली पुलिस को आरोपियों के बड़वानी जिले के वरला और पलसूद क्षेत्र में छिपे होने की जानकारी मिली. इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम बड़वानी पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाया गया. उन्होंने बताया कि 24 जून को आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गई, लेकिन वे फरार हो गए. बाद में सटीक सूचना मिलने पर 25 जून को वरला थाना क्षेत्र के उमरठी गांव में घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया.

# ट्रक की टक्कर से टेम्पो चालक की मृत्यु, 6 घायल

**शहडोल.** शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में आज रेत से भरे ट्रक की टक्कर से एक टेम्पो चालक की मृत्यु हो गई, जबकि छह यात्री घायल हो गए. पुलिस के अनुसार ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बेडरा गांव के समीप दोपहर लगभग 12 बजे रेत से लदे एक ट्रक ने सामने से आ रहे टेम्पो को टक्कर मार दी. दुर्घटना में टेम्पो चालक लल्लन सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. दुर्घटना में टेम्पो में सवार छह यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए ब्यौहारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# गुना से बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन शुरू

**भोपाल, 26 जून. यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए रेलवे 27 जून से बीना-रुठियाई-बीना नई मेमू ट्रेन (61625/61626) शुरू करने जा रहा है. केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया गुना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे.**

नई मेमू ट्रेन बीना से शाम 4:20 बजे रवाना होकर महादेवखेड़ी, सेमरखेड़ी, मुंगावली, अशोकनगर, गुना सहित विभिन्न स्टेशनों पर ठहरते हुए शाम 7:40 बजे रुठियाई पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन रुठियाई से रात 8:00 बजे चलकर रात 11:20 बजे बीना पहुंचेगी. रेलवे के अनुसार इस ट्रेन के संचालन से बीना,



अशोकनगर, गुना, रुठियाई और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर रेल संपर्क और दैनिक यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि नई मेमू सेवा क्षेत्रीय यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी और स्थानीय आवागमन को और सुगम बनाएगी.

### महिला यात्री को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में टीटीई द्वारा सतर्कता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घर से भागी एक महिला यात्री को सुरक्षित सुपुर्द कर उसे उसके परिजनों से मिलाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की गई. 25 जून को आनड्यूटी भोपाल मंडल के गुना के टीटीई नरेश धाकड़ ने टिकट चेकिंग के दौरान गाड़ी संख्या 04114 हुबली-प्रयागराज स्पेशल के एस-5 स्लीपर कोच के बर्थ संख्या 42 पर नागपुर से ग्वालियर जनरल टिकट के साथ यात्रा करते हुए मिली.

# एनसीईआरटी पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं

## एनसीईआरटी की पायरेटेड किताबों की चेतावनी पर कांग्रेस ने जताई चिंता

- राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 जून. प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने एनसीईआरटी द्वारा अभिभावकों और विद्यार्थियों को नकली एवं पायरेटेड पुस्तकों से सावधान रहने संबंधी जारी की गई एडवाइजरी पर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है.**

उनका कहना है कि यह चेतावनी देश की शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों और शिक्षा माफिया के बढ़ते प्रभाव को



उजागर करती है. विवेक त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के कई महीने बाद भी मूल एनसीईआरटी पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से नकली प्रकाशकों और कालाबाजारी करने वालों को लाभ मिला, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों का आर्थिक शोषण हुआ. उन्होंने शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण, निजी स्कूलों की मनमानी फीस तथा निर्धारित दुकानों से किताबें खरीदने की बाध्यता पर भी सवाल उठाए.

उन्होंने पेपर लीक और पायरेटेड पुस्तकों के मामलों की सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा शिक्षा संबंधी अपराधों पर सख्त कानून बनाने की मांग की. साथ ही राष्ट्रपति से इस विषय पर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय देने का अनुरोध भी किया.

# नीट अभ्यर्थी की मौत की जांच में रैपिडो कैब बुकिंग का सुराग

**खरगोन, 26 जून. इंदौर की 20 वर्षीय नीट-यूजी अभ्यर्थी निक्की यादव की खरगोन जिले में हुई संदिग्ध मृत्यु की जांच में रैपिडो कैब बुकिंग का नया सुराग सामने आने के बाद पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर मामले की जांच का दायरा बढ़ा दिया है.**

पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छात्रा ने परीक्षा समाप्त होने के बाद अपने मोबाइल फोन से ओंकारेश्वर जाने के लिए रैपिडो कैब बुक की थी. इस संबंध में रैपिडो कंपनी से बुकिंग का विवरण, वाहन का पंजीयन क्रमांक तथा चालक की जानकारी मांगी गई थी. संबंधित चालक की पहचान कर उसे बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है. पुलिस के अनुसार परीक्षा के बाद छात्रा महू से बस द्वारा इंदौर के सरवटे बस स्टैंड पहुंची थी. सीसीटीवी फुटेज में वह रेलवे स्टेशन के सामने से अकेले एक कार में बैठती दिखाई दी है. पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह ओंकारेश्वर कैसे पहुंची और उसके बाद उसके साथ क्या घटनाक्रम हुआ.

विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज भी एकत्र किए जा रहे हैं. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं.

# सुभाष यादव की 13वीं पुण्यतिथि मनाई

विशेष संवाददाता

**खरगोन. किसानों के मसीहा एवं मध्यप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुभाष यादव की 13वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके पैतृक गांव बोरावां में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई.**

भक्ति दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में प्रार्थना सभा, भजन-कीर्तन और पुष्पांजलि के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. निमाड़ अंचल से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए.

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और कसरावद विधायक सचिन यादव ने अपने पिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किसानों और



ग्रामीण समाज की सेवा के उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. अरुण यादव ने सुभाष यादव को 'निमाड़ की आत्मा' बताते हुए सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित करने की प्रतिबद्धता दोहराई और आरोप लगाया कि भाजपा सरकारों के कार्यकाल में यह आंदोलन कमजोर हुआ है. वहीं सचिन यादव ने कहा कि किसान हितों और जनसेवा पर आधारित उनके पिता की राजनीतिक सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी. कार्यक्रम के दौरान परिवार ने पारंपरिक पूजन-अर्चन के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया.

राजनीतिक विवाद ▶ जनता के सामने जवाब देने की मांग

# विवाद पर कांग्रेस का हमला तेज

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश में जारी राजनीतिक विवाद को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए पारदर्शिता और सार्वजनिक जवाबदेही की मांग तेज कर दी है.**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेशवासियों के नाम जारी खुले पत्र में कहा कि यह मामला अब केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही की कसौटी बन चुका है. पटवारी ने कहा कि एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट के बाद पूरे प्रदेश में इस विषय पर



व्यापक चर्चा शुरू हो गई है. विपक्ष तथ्यात्मक सवाल उठा रहा है, पत्रकार स्पष्टीकरण मांग रहे हैं और यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गया है.

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से कई मंत्री और पार्टी प्रतिनिधि लगातार सफाई दे रहे हैं, लेकिन जिस व्यक्ति से सीधे सवाल जुड़े हैं, उनकी ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. उनका कहना था कि लोकतंत्र में संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए राजनीतिक बयानबाजी से अधिक महत्वपूर्ण पारदर्शिता और प्रत्यक्ष जवाबदेही होती है. कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि समाचार पत्र में प्रकाशित जानकारी तथ्यहीन है तो सरकार को प्रमाण सहित सही तथ्य सार्वजनिक करने चाहिए अथवा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए. केवल मंत्रियों और प्रवक्ताओं के माध्यम से खंडन करना जनता की शंकाओं का समाधान नहीं कर सकता. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसी के निजी, सामाजिक अथवा पारिवारिक जीवन पर कोई टिप्पणी नहीं की है. पार्टी केवल यह चाहती है कि सार्वजनिक पद पर आसीन व्यक्तियों से भी वही पारदर्शिता और जवाबदेही अपेक्षित हो, जिसकी मांग सरकार आम नागरिकों से करती है. पटवारी ने कहा कि बार-बार यह कहना कि 'सच्चाई सामने आ चुकी है' पर्याप्त नहीं है. यदि सभी आरोप निराधार हैं तो सरकार को दस्तावेजी प्रमाणों के साथ जनता के सामने आकर सभी प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर देना चाहिए.

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जवाबदेही और खुला संवाद सुशासन की बुनियादी शर्तें हैं तथा मध्यप्रदेश की जनता सार्वजनिक महत्व के इस विषय पर स्पष्ट उत्तर पाने की हकदार है.

### उज्जैन भूमि सौदों पर जवाब की मांग

**भोपाल.** उज्जैन जिले में कथित बड़े पैमाने पर भूमि खरीद को लेकर सियासी घमासान शुक्रवार को और तेज हो गया. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भोपाल में आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि खोजी रिपोर्ट सामने आने के तीन दिन बाद भी राज्य के सर्वोच्च कार्यकारी पद की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है. उमंग सिंघार ने कहा कि संबंधित पदाधिकारी के परिवार, रिश्तेदारों और उनसे जुड़ी कंपनियों द्वारा की गई कथित भूमि खरीद को लेकर जनता के सामने पारदर्शी तरीके से तथ्य रखे जाने चाहिए. उनका कहना था कि अब तक न कोई औपचारिक बयान जारी किया गया, न प्रेस वार्ता की गई और न ही आरोपों का दस्तावेजी खंडन प्रस्तुत किया गया, जिससे विवाद और गहरा हुआ है. उन्होंने सत्तारूढ़ दल के इस तर्क पर भी सवाल उठाया कि रिश्तेदार स्वतंत्र नागरिक हैं और उन्हें भूमि खरीदने का अधिकार है.



## पेज एक का शेष

# कटनी में 14 वन्यजीवों की सामूहिक मौत

वन विभाग ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर गडौरी गांव से दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया. तीनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. डीएफओ गर्वित गंगवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है. मृत वन्यजीवों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा. वन विभाग ने क्षेत्र में अतिरिक्त गार्ड तैनात कर दिए हैं तथा शेष वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है. घटना ने वन्यजीव संरक्षण और जंगलों में अवैध शिकार की रोकथाम को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं.

# लोकतंत्र सेनानियों को तीर्थ दर्शन कराएगी सरकार

उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र सेनानियों को ताम्रपत्र दिया जाएगा. लोकतंत्र सेनानियों द्वारा अपने निवास के पते पर बदलाव होने पर उन्हें दी जा रही सम्मान निधि से संबंधित बैंक या शाखा बदलने की सुविधा भी दी जाएगी. किसी भी शासकीय कार्यालय में लोकतंत्र सेनानियों के पहुंचने पर संबंधित अधिकारी पूरे सम्मान और प्राथमिकता के साथ इनकी बात सुनेंगे तथा इनके सुझाव भी माने जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्र हित से बढ़कर कुछ भी नहीं है. राष्ट्र हित में ही सबका हित निहित है. सशक्त लोकतंत्र ही भारत राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है, जिसने देश को वैश्विक पटल पर एक विशिष्ट और सम्मानजनक पहचान दिलाई है.